पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजा हरीशचन्द्र का जीवनवृत्त समाज के सामने बार-बार लाने की जरूरत - राज्यपाल

लखनऊः 7 जनवरी, 2016

सत्यवादी महाराजा हरीशचन्द्र जयंती का आयोजन लखनऊ हरीशचन्द्र वंशीय समाज द्वारा आज रस्तोगी इंटर कालेज, ऐशबाग के प्रागंण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राजा हरीशचन्द्र के जीवन, त्याग एवं सत्यवादिता से प्रेरणा लेकर आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। समाज के उत्थान में राजा हरीशचन्द्र के वंशज 'रस्तोगी समाज' का योगदान अभिनन्दनीय एवं प्रशंसनीय है। समाज के सामने अच्छे उदाहरण रखें। उन्होंने कहा कि राजा हरीशचन्द्र का जीवनवृत्त समाज के सामने बार-बार लाने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा कि आज समस्या यह है कि हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हमारा इतिहास हमें ठीक ढंग से मालूम होना चाहिए। जो समाज अपने इतिहास को भूलता है वह प्रगति नहीं कर सकता है। राजा हरीशचन्द्र ने सपने की बात को सच कर दिखाया। उन्होंने कहा कि इस भूमिका में राजा हरीशचन्द्र की जयंती मनाने से प्रेरणा मिलती है।

महापौर लखनऊ डाॅ0 दिनेश शर्मा ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजा हरीशचन्द्र का त्याग और सत्यवादिता अनुकरणीय है। उन्होंने रस्तोगी समाज द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की भी सराहना की।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन डाॅ0 अनिल रस्तोगी ने दिया। समारोह में राज्यपाल ने रस्तोगी समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द्र जयंती समारोह

सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द्र जयंती समारोह
LUCKNOW